Schedule XLII-High Court No.(J) 9[Old(M)164]

FORM OF ORDER SHEET

IN THE COURT OF THE DIVISIONAL COMMISSIONER, PURNEA.

Land Dispute Appeal No.- 55/2024

Abhimanu Paswan & Anr..Appellants

Versus

Heera Lal Paswan & Ors...Respondents

Serial No.	Date of order of proceeding.	Order with signature of the court.	Office action taken with date
1	2	3	4
	14-3-2024	**–ःआदेशः–** प्रस्तुत अपील वाद न्यायालय भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, धमदाहा, पूर्णिया द्वारा B.L.D.R वाद सं0–17/2020–21 में दिनांक–13.6.2023 को पारित आदेश के विरूद्ध दायर किया गया है। विलंब क्षांत हेतु पृथक आवेदन दाखिल है। अधिग्रहण के बिन्दु पर अपीलार्थी के विद्वान अधिवक्ता को सुना। इनका कथन है कि मौजा–इराजी गोठरीपूर, थाना सं0–147/4, थाना– बी0कोठी, जिला– पूर्णिया अंतर्गत खाता सं0– 45, खेसरा सं0– 46, कुल रकबा– 30 डी0 में से मात्र 3 डी0 विवादित भूमि को लेकर अपीलार्थी के पिता– पवन पासवान ने निम्न न्यायालय में B.L.D.R वाद सं0–17/2020–21 दायर किया था। कोविड–19 लॉक डॉउन के दौरान दिनांक– 20.5.2021 को इनके पिता का देहांत हो गया। निम्न न्यायालय में वाद लंबित रहने की जानकारी के आभाव में अपीलार्थी द्वारा वाद की कार्रवाई से अनुपस्थित रहने तथा प्रतिस्थापन की कार्रवाई नही किये जाने एवं वादी की अभिरूचि शून्यता के आधार पर वाद को खारिज कर दिया गया। अतः उपर्युक्त के आलोक में निम्न न्यायालय आदेश को निरस्त किया जाता है। प्रस्तुत मामले को भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, धमदाहा के समक्ष प्रति–प्रेषित(Remand) करते हुए निदेश दिया जाता है कि उभय पक्षो की सुनवाई करते हुए गुण–दोश (Merit) के आधार पर समुचित आदेश पारित करेंगे। अपीलर्थी को निदेश दिया जाता है कि निम्न न्यायालय में प्रत्येक निर्धारित तिथि को उपस्थित होकर वाद के निष्पादन में समुचित सहयोग प्रदान करेंगे। इसी के साथ वाद की कार्रवाई समाप्त की जाती है। आदेश की प्रति निम्न न्यायालय को भेजें। लेखापित एवं सशोधित आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णियॉ। आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।	

Web Copy. Not Official.

Web Copy. Not Official.